StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 23
No. of Printed Pages — 3

# SS—11–2—Pol. Sc. II ( D & D )

## उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2011

## वैकल्पिक वर्ग I — कला ( OPTIONAL GROUP I — Humanities )

## राजनीति विज्ञान — द्वितीय पत्र

## ( POLITICAL SCIENCE — Second Paper )

**समय : 4 $\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 60**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक **22** एवं **23** में आन्तरिक विकल्प हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।
5. प्रश्न क्रमांक **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनके उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।
6. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( i, ii, iii तथा iv) हैं। प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प (**अ**, **ब**, **स** एवं **द** ) हैं। सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| प्रश्न क्रमांक | सही उत्तर का क्रमाक्षर |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

StudentBounty.com



1. (i) नीति-निदेशक तत्व अपनाए गए हैं

   (अ) इंग्लैण्ड से (ब) आयरलैण्ड से

   (स) फ्रांस से (द) संयुक्त-राज्य अमेरिका से। $\frac{1}{2}$

   (ii) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए संसद और विधान-सभाओं में आरक्षण की व्यवस्था सन् 2020 तक बढ़ायी गई है

   (अ) 79 वें संविधान संशोधन द्वारा (ब) 81 वें संविधान संशोधन द्वारा

   (स) 42 वें संविधान संशोधन द्वारा (द) 84 वें संविधान संशोधन द्वारा । $\frac{1}{2}$

   (iii) ''स्थानीय शासन एक बस्ती के लोगों द्वारा अपने मामलों का स्वयं ही प्रबन्ध है।'' यह कथन किस विद्वान का है ?

   (अ) एल० गोल्डिंग (ब) कार्ल जे० फ्रेडरिक

   (स) महात्मा गाँधी (द) जवाहरलाल नेहरू। $\frac{1}{2}$

   (iv) लाहौर घोषणा का सम्बन्ध किससे है ?

   (अ) नेहरू - जिन्ना (ब) गुजराल - नवाज शरीफ

   (स) वाजपेयी - नवाज शरीफ (द) देवगौड़ा - नवाज शरीफ। $\frac{1}{2}$

2. विधान सभा का अधिवेशन किसके द्वारा बुलाया जाता है ? $\frac{1}{2}$
3. किन्हीं दो राष्ट्रीय दलों के नाम लिखिये। $\frac{1}{2}$
4. खालिस्तानी आतंकवाद का सम्बन्ध किस राज्य से था ? $\frac{1}{2}$
5. गुट निरपेक्ष नीति का जनक किसे माना जाता है ? $\frac{1}{2}$

**नोट :** प्रश्न संख्या 6 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए।

6. भारतीय संविधान में संशोधन की किन्हीं दो विधियों का उल्लेख कीजिये। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$
7. नियोजन के कोई दो उद्देश्य बताइये। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$
8. प्रत्यक्ष निर्वाचन की आलोचना में कोई दो तर्क दीजिए। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$
9. भारतीय राजनीति में आप जाति की क्या भूमिका मानते हैं ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$

StudentBounty.com



10. भारत-श्रीलंका के मध्य विवाद के कोई दो कारण बताइये। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$

11. गुट-निरपेक्षता नीति की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। $\frac{3}{4}+\frac{3}{4}=1\frac{1}{2}$

**नोट** – प्रश्न संख्या **12** से **21** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक न हो।

12. भारतीय संविधान की किन्हीं तीन एकात्मक तत्वों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

13. निर्वाचन आयोग किन आधारों पर किसी क्षेत्रीय दल को दल की मान्यता प्रदान करता है ? 1 + 1 + 1 = 3

14. निर्वाचन आयोग की स्वतन्त्रता के लिए संविधान में किए गए किन्ही तीन प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

15. महिला आरक्षण विधेयक में किये गये किन्हीं तीन प्रावधानों का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

16. राष्ट्रीय विकास परिषद की किन आधारों पर आलोचना की जाती है ? किन्हीं तीन को स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

17. मंत्री परिषद और मंत्रिमण्डल के बीच किन्हीं तीन अन्तरों को स्पष्ट कीजिये। 1 + 1 + 1 = 3

18. त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था के स्तरों का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

19. संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति हेतु सुझाये गये तीन सुझावों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

20. शिमला-समझौते के किन्हीं तीन प्रावधानों को समझाइए। 1 + 1 + 1 = 3

21. पंचशील के सिद्धान्तों को स्पष्ट कीजिए (कोई तीन)। 1 + 1 + 1 = 3

**नोट** – प्रश्न संख्या **22** एवं **23** के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये।

22. राज्य-सभा के गठन एवं शक्तियों की विवेचना कीजिए।

अथवा

प्रधान मंत्री की नियुक्ति एवं शक्तियों की विवेचना कीजिए। 9

23. भ्रष्टाचार से क्या अभिप्राय है ? इसके क्या कारण हैं ? भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उपाय लिखिए।

अथवा

भारत में आतंकवाद को रोकने के लिए किए गए उपाय बताइए। साथ ही इसे रोकने हेतु सुझाव दीजिए। 8